ENERGY FOR EVER

इरेडा IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

(A Navratna CPSE)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा की दूसरी तिमाही का परिणाम : कर पश्चात लाभ में 36% की वृद्धि, ऋण मंजूरी में 206% की वृद्धि

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। देश की अग्रणी ग्रीन फाइनेंसिंग एनबीएफसी के रूप में, इरेडा ने मात्र 10 दिनों के भीतर अपने वित्तीय परिणाम प्रकाशित करके उद्योग जगत के लिए बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखा है, जिससे बैंकिंग और एनबीएफसी क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र प्रतिष्ठान (सीपीएसई) के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि हुई है।

दिनांक 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, इरेडा ने 387.75 करोड़ रुपये का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जोकि 36.18% की वर्ष -दर-वर्ष प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में अपनी नेट गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को 1.65% से घटाकर 1.04% कर दिया है।

इरेडा के निदेशक मंडल ने आज आयोजित बैठक के दौरान कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को स्वीकार किया और वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। दिनांक 30 सितंबर, 2024 के अनुसार इरेडा की नेटवर्थ 9,336.15 करोड़ रुपये थी, जोकि वर्ष -दर-वर्ष 41.87% की वृद्धि है, और यह कंपनी के लगातार वृद्धि को दर्शाता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही की तुलना में इस वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में मुख्य वित्तीय उपलब्धियाँ इस प्रकार है :

- **कर पश्चात लाभ**: 387.75 करोड़ रुपये, 284.73 करोड़ रुपये से अधिक (36.18% की वृद्धि)
- **परिचालन से राजस्व**: 1,630.38 करोड़ रुपये, 1,176.96 करोड़ रुपये से अधिक (38.52% की वृद्धि)
- **ऋण मंजूरियाँ** : 8,723.78 करोड़ रुपये, 2,852.05 करोड़ रुपये से अधिक (205.88% की वृद्धि)
- **ऋण संवितरण**: 4,461.87 करोड़ रुपये, 3,099.98 करोड़ रुपये से अधिक (43.93% की वृद्धि)
- **लोन बुक** : 64,564.36 करोड़ रुपये, 47,514.48 करोड़ रुपये से अधिक (35.88% की वृद्धि)
- **नेट एनपीए:** 1.65% से घटकर 1.04% हो गईं (% के संदर्भ में 36.79% की कमी)

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने इस मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के बारे टिप्पणी करते हुए कहा कि, "इरेडा की दूसरी तिमाही के परिणाम भारत के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमारे अटूट समर्पण को दर्शाते हैं। इस ऋण मंजूरी और संवितरण में हमारी पर्याप्त वृद्धि संपूर्ण देश में हरित परियोजनाओं का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। मैं, माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा,

उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी ; माननीय विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक; एमएनआरई के सचिव और निदेशक मंडल को उनके निरंतर समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूं। मैं, इरेडा की टीम को उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए भी सराहना करना चाहूंगा, जोकि इन उल्लेखनीय परिणामों को प्राप्त करने के लिए साधक रहे हैं।"